# श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी, वेरावल

## पीएच.डी.(विद्यावारिधि) प्रवेश परीक्षा २०२३-२४

दिनांक – १७/०७/२०२३ की स्थिति पर पीएच.डी.(विद्यावारिधि) के लिए विषय अनुसार संभवित रिक्त स्थान की सूचि

| क्रम | विषय | कुल रिक्त स्थान |
|---|---|---|
| १ | साहित्य | ०५ |
| २ | व्याकरण | ०३ |
| ३ | पुराण | ०७ |
| ४ | ज्योतिष | ०१ |
| ५ | दर्शन, न्याय, वेदांत | १७ |
| | कुल | ३३ |

### पीएच.डी.(विद्यावारिधि) प्रवेश परीक्षा २०२३-२४ संबंधित महत्त्वपूर्ण दिनांक

| क्रम | विगत | दिनांक |
|---|---|---|
| १ | ऑनलाइन आवेदन करने की दिनांक | १७-०८-२०२३ से १७-०९-२०२३ |
| २ | आवेदनपत्र सभी आवश्यक प्रमाणपत्रों के साथ हार्डकॉपी में विश्वविद्यालय में भेजने की अंतिम दिनांक | २५-०९-२०२३ तक<br>**नोट-** समय मर्यादा के बाद प्राप्त आवेदनपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह अवश्य ध्यान में रखें। |
| ३ | MCQ प्रवेश परीक्षा की दिनांक | विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा। |
| ४ | Subjective/Written प्रवेश परीक्षा की दिनांक | |
| ५ | परीक्षाफल/परिणाम | |

REGISTRAR
Shree Somnath Sanskrit University
Veraval

## पीएच.डी.(विद्यावारिधि) प्रवेश परीक्षा का प्रारूप २०२३-२४

### MCQ परीक्षा

### M.Phil./NET/SLET/JRF रहित छात्रों के लिए

| क्रम | विभाग | विषय | कुल प्रश्न | कुल गुण |
|---|---|---|---|---|
| ०१ | ०१ | सामान्य ज्ञान | ५० | ५० |
| ०२ | ०२ | संशोधन एवं संस्कृत विषय का सामान्य ज्ञान | ५० | ५० |
| | | **कुल प्रश्न एवं कुल गुण** | **१००** | **१००** |

### MCQ-परीक्षा उत्तीर्ण/M.Phil./NET/SLET/JRF छात्रों के लिए

| क्रम | विभाग | विषय | कुल प्रश्न | कुल गुण |
|---|---|---|---|---|
| ०१ | ०१ | संशोधन विषय | ०२ | ५० |
| ०२ | ०२ | अनुवाद | ०२ | २५ |
| ०३ | ०३ | छात्र के अपने(शास्त्र सम्बद्ध) विषय से विषयवस्तु | ०२ | २५ |
| | | **कुल प्रश्न एवं कुल गुण** | **०६** | **१००** |

(१) छात्र को पहले १०० गुण की MCQ-परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी, जिसमें उत्तीर्ण अर्हता जनरल केटेगरी के छात्रों के लिए ५०% एवं SC/ST/OBC एवं दिव्यांग छात्रों के लिए ४५% गुण रहेगी।

(२) MCQ-परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को १०० गुण की Subjective/लिखित परीक्षा देनी होगी, जिसमें से १ से ३ विभाग में जनरल केटेगरी के छात्रों के लिए ५०% एवं SC/ST/OBC एवं दिव्यांग छात्रों के लिए ४५% गुण प्राप्त करना अनिवार्य है।

(३) पीएच.डी.(विद्यावारिधि) प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण हुए एवं M.Phil./NET/SLET/JRF में पास हुए सभी छात्रों को Subjective/लिखित परीक्षा देनी होगी। जिसमें भी उत्तीर्णता स्तर(पासिंग स्तर) उपर्युक्त रहेगा।

(४) छात्रों को आर.डी.सी. (RDC) में मेरिट के आधार पर बुलाया जायेगा, जो विशेष रूप से ध्यान में लिया जाये।


REGISTRAR
Shree Somnath Sanskrit University
Veraval

# श्री सोमनाथ संस्कृत युनिवर्सिटी, वेरावल
## पीएच.डी. (विद्यावारिधि) प्रवेश परीक्षा २०२३-२४ के लिए आवश्यक सूचनाएँ

१. प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदनपत्र दिनांक १७-०८-२०२३ से १७-०९-२०२३ तक भरे जा सकते हैं। भरे हुए आवेदनपत्र आवश्यक प्रमाणपत्रों के साथ दिनांक २५-०९-२०२३ तक विश्वविद्यालय में पहुँच जाने चाहिए।

२. पीएच.डी.(विद्यावारिधि) प्रवेश परीक्षा संबंधी सभी सूचनाएँ जैसे कि- परीक्षा की तारीख, स्थान, समय तथा सीट नंबर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी। अतः इस विषय में विश्वविद्यालय पर अनावश्यक फोन न करें। प्रवेश फॉर्म भरने वाले सभी विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट को समय-समय पर देखते रहे, जिससे आवश्यक सूचनाएँ प्राप्त हो सकें।

३. प्रवेश परीक्षा के लिए आवश्यक शुल्क रूपए ६०० विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर निम्न प्रकार से जमा करना है- www.sssu.ac.in > Online Fee Payment > Fees Payment (Students) > Fill the Form below




४. प्रवेश फॉर्म भरने के इच्छुक सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को M.A./आचार्य(संस्कृत) कक्षा में द्वितीय श्रेणी के साथ कम से कम ५५% अंक आवश्यक है। SC/ST/OBC तथा दिव्यांग आवेदकों के लिए M.A./आचार्य कक्षा में न्यूनतम ५०% अंक आवश्यक है। विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म में अनुस्नातक कक्षा(एम.ए./आचार्य) में जो मुख्य तथा गौण विषय है, वह विशेष रूप से लिखना रहेगा। मुख्य विषय अथवा आचार्य में रखे गए गौण विषय में ही पीएच.डी. करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा अनुमति दी जाएगी।

५. प्रवेश पत्र तथा आवश्यक प्रमाणपत्र विश्वविद्यालय को २५ सितम्बर २०२३ तक प्राप्त हो, इस तरह से भेजना रहेगा। समय मर्यादा के बाद में प्राप्त आवेदन पत्र किसी भी अवस्था में स्वीकृत नहीं किये जायेंगे तथा आवेदन शुल्क भी प्रत्यर्पित नहीं किया जायेगा, इस बात का विशेष ध्यान रखें।

६. जो विद्यार्थी एम.फिल./नेट/स्लेट/जेआरएफ उत्तीर्ण हैं, उन्हें भी ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म तथा आवश्यक शुल्क भरना रहेगा। एम.फिल./नेट/स्लेट उत्तीर्ण विद्यार्थियों को MCQ स्तर की प्रवेश परीक्षा देनी नहीं होगी। उन्हें MCQ स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण किये गये विद्यार्थियों के साथ लिखित परीक्षा देनी रहेगी। यह लिखित परीक्षा MCQ स्तर में उत्तीर्ण विद्यार्थियों तथा एम.फिल./नेट/स्लेट/जेआरएफ इत्यादि उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को देनी रहेगी। इस तरह लिखित परीक्षा में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उत्तीर्णता स्तर को प्राप्त विद्यार्थियों को ही विद्यावारिधि प्रवेश हेतु योग्य माना जाएगा।

REGISTRAR
Shree Somnath Sanskrit University
Veraval

७. आवेदक विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश पत्र भरकर उसका प्रिंट (Print out) **"कुलसचिवश्री, श्री सोमनाथ संस्कृत युनिवर्सिटी, राजेन्द्रभुवन मार्ग, बिरला मंदिर के पास, वेरावल, जिला-गीर सोमनाथ, गुजरात-३६२२६६"** इस संकेत पर प्रेषित करना होगा। विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदनपत्र के साथ निम्नलिखित आवश्यक प्रमाणपत्र संलग्न करें।

(१) शुल्क जमा करने की रसीद,

(२) स्नातक एवं अनुस्नातक कक्षा की प्रमाणित अंकतालिका (Marksheet) तथा पदवी प्रमाणपत्र (Degree) की प्रतिलिपि,

(३) नेट/स्लेट/एम.फिल.(यदि हो तो) का प्रमाणपत्र,

(४) विद्यालय स्थानांतरण प्रमाणपत्र (S.L.C.) की प्रमाणित प्रतिलिपि,

(५) SC/ST/OBC/EWS/PH/PwD वर्ग के विद्यार्थियों को जाति/वर्ग प्रमाणपत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि,

(६) OBC एवं EWS वर्ग के विद्यार्थियों को, जो उन्नत वर्ग (क्रीमीलेयर) में नहीं आते है, इस विषय का वर्तमान वर्ष का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि।

८. विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा के लिए परिचय पत्र परीक्षा के समय विश्वविद्यालय द्वारा दिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा के समय विद्यार्थियों को स्वयं का कोई भी फोटो परिचय पत्र (Photo ID Proof) साथ में लाना रहेगा, जैसे कि ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड आदि। प्रवेश परीक्षा का परिचय पत्र विद्यार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा आरंभ से आधे घंटे पहले दिया जाएगा।

९. इस सूचना पत्रक के साथ उन-उन विषयों में विद्यावारिधि हेतु संभावित रिक्त स्थानों की सूची दी जा रही है। संप्रति जिस विषय में रिक्त स्थान दिखाए गए हैं, उसी विषय के विद्यार्थियों को प्रवेश फॉर्म भरना होगा। अन्य विषय के विद्यार्थी प्रवेश फॉर्म न भरे।

१०. प्रदर्शित रिक्त स्थानों में परिवर्तन होने की संभावना है। पीएच.डी. पंजीकरण (Registration) तक प्रदर्शित रिक्त स्थानों के अतिरिक्त यदि कोई स्थान रिक्त होता है, तो उस-उस विषय के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की ओर से सूचना दी जाएगी।

११. प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को यूजीसी, राज्य सरकार तथा श्री सोमनाथ संस्कृत युनिवर्सिटी, वेरावल के प्रवर्तमान तथा समय-समय पर संशोधित नियमों का पालन करना रहेगा।

१२. **विशेष-** UGC द्वारा November-2022 में जारी किये गये Gazette के नियमानुसार Ph.D. प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी शोधार्थियों को 12 Credits का Ph.D. Course Work करना होगा। उसके अंतर्गत 8 क्रेडिट का कोर्सवर्क युनिवर्सिटी द्वारा करवाया जायेगा एवं 4 क्रेडिट का कोर्सवर्क शोधार्थी को SWAYAM / MOOC इत्यादि ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से करना होगा।

१३. MCQ प्रवेश परीक्षा अहमदाबाद एवं वेरावल इन ०२ केन्द्रों पर ली जायेगी, जबकि Subjective/Written प्रवेश परीक्षा केवल श्री सोमनाथ संस्कृत युनिवर्सिटी, वेरावल के परिसर पर ही ली जाएगी।

१४. इसके साथ प्रवेश परीक्षा का समग्र प्रारूप भी दिया जा रहा है, जिसके आधार पर प्रवेश परीक्षा ली जाएगी।

१५. प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थियों को अपने खर्चे पर उपस्थित रहना रहेगा।

१६. पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा, सम्पूर्ण अभ्यासक्रम (शोध-प्रस्ताव, शोध सारांशिका तथा शोध प्रबंध), प्रि-वायवा तथा वायवा का माध्यम पूर्णतः संस्कृत रहेगा।

१७. किसी भी विसंगति में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम माना जाएगा।

REGISTRAR
Shree Somnath Sanskrit University
Veraval